दिनांक 30.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छता रैकिंग 2019 में नगर निगम भिलाई को सर्वाधिक अंक दिलाने नगर निगम की टीम ने कमर कश लिया है। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी द्वारा गठित अलग–अलग विधा की टीम मैदानी क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए स्वच्छता एप डाउनलोड कराने के साथ ही स्वच्छता के प्रति बच्चों में जन जागृति फैलाने उनके बीच प्रतियोगिता की भी आयोजन करवा रही है।

स्वच्छता के पैरामीटर पर निर्धारित अंको को प्राप्त करने के लिए आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वास्थ्य अमले के साथ–साथ निगम के अन्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के टीम गठित कर उन्हें कार्य सौंपा है। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने शुक्रवार को 12 बजे निगम मुख्यालय से कार्यपालन अभियंता आर0के0 साहू के नेतृत्व में गठित प्रचार–प्रसार एवं जन जागरण टीम के लोगों को उत्साहवर्धन के साथ रवाना किया। टीम के सदस्य मैत्रीगार्डन पहुंचकर वहां घुमने के लिए आये लगभग 200 लोगों को स्वच्छता एप के बारे में जानकारी देकर उनके स्मार्ट फोन पर एप डाउनलोड करवाया। उद्यान में उपस्थित बच्चों के बीच टीम के सदस्यों ने सुखा एवं गीले कचरे की पहचान का प्रतियोगिता आयोजित कर पुरुस्कार प्रदान किये। लोगों ने नगर निगम भिलाई के इस पहल को सराहना की और अपनी सहमति व्यक्त किया कि मोहल्लों में एकत्र कचरे का फोटो खिंचकर शिकायत दर्ज करवायेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी